उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : जबलपुर

// आदेश //

क्रमांक B/1067 / जबलपुर, दिनांक 17/02/2020
दो–13–27/18

श्री प्रदीप कुमार सिंह, कोर्ट अटेंडेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इंदौर के विरूद्ध रजिस्ट्री आदेश क्रमांक बी/1747/दो–13–27/18, जबलपुर दिनांक 18.03.2019 द्वारा शासकीय सेवक रहते हुये श्री जगदीश स्वरूप अग्निहोत्री इंदौर के घर पर प्रायवेट तौर पर साफ–सफाई का कार्य करने, उनके निवास से सोने के जेवरात चोरी करने की आशंका के आधार पर एफ.आई.आर. क्रमांक 0131 दिनांक 15.04.2018 द्वारा अपराध क्रमांक 138/18 धारा 454, 380, भा.द.वि. के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध होने की सूचना कार्यालय में प्रस्तुत न करने तथा चल/अचल संपत्ति का ब्यौरा विहित फार्म पर विहित प्राधिकारी को प्रस्तुत न करने के आरोपों पर विभागीय जाच की गयी। जाचकर्ता अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जाच रिपोर्ट दिनांक 11.09.2019 में आपके विरूद्ध आरोप पद क्रमांक 1 एवं 2 आंशिक रूप से तथा आरोप पद क्रमांक–3 पूर्णतः प्रमाणित पाये गये।

उपरोक्त संबंध में रजिस्ट्री के कारण बताओ नोटिस क्रमांक ए/3152/दो–13–27/18, जबलपुर दिनांक 22.07.2019 के तारतम्य में आपके द्वारा प्रस्तुत जवाब दिनांक 19.11.2019 असंतोषप्रद पाये जाने एवं विभागीय जाच प्रकरण के समस्त अभिलेखों व साक्षियों के कथनों पर विचारोपरांत, आपको आरोप पद क–1 एवं 3 का दोषी पाते हुये आपको उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश सेवा (भर्ती, सेवा की सामान्य शर्ते, आचरण, वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 2017 के नियम 16(1) एवं 22 सहपठित मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(चार) के अंतर्गत आपकी आगामी देय दो वार्षिक वेतनवृद्धियां भविष्य की वेतनवृद्धियों को प्रभावित करते हुए (With Cumulative Effect) रोके जाने की मुख्य शास्ति से दंडित किया जाता है।

(राजेन्द्र कुमार वाणी) 17.2.2020
फार रजिस्ट्रार जनरल

पृष्ठांकन क्रमांक B/1068
दो–13–27/18
जबलपुर, दिनांक 17/02/2020

प्रतिलिपि :–

1. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर, इंदौर (म.प्र.),
2. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ ग्वालियर, नवीन उच्च न्यायालय भवन, सिटी सेंटर, ग्वालियर म.प्र.
3. रजिस्ट्रार प्रशासन/आई.एल./न्यायिक 1 एवं 2, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
4. एस.पी.एस.ए. उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर आदेश की प्रति उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु,
5. लेखा अधिकारी, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
6. रजिस्ट्रार (एम), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
7. डिप्टी रजिस्ट्रार, ... उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
8. एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर,स्था./लेखा/बजट/पेंशन, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
9. सहायक स्था./सेवापुस्तिका/वेतनपत्रक, उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर,
10. रजिस्ट्रार जनरल महोदय के निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,
11. आफिस टायपिस्ट, उच्च न्यायालय म.प्र.,जबलपुर,
12. श्री प्रदीप कुमार सिंह, कोर्ट अटेंडेंट, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ इंदौर म.प्र.

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

(श्याम बिहारी वर्मा)
फार रजिस्ट्रार (इंस्पेक्शन)